कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)
रविन्द्र कुमार, बि०शि०से०
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

कार्यालय-आदेश

अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में यह अत्यंत गंभीर एवं खेदजनक तथ्य आया है कि जिले के कतिपय विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों द्वारा अनधिकृत रूप से ''मार्क ऑन ड्यूटी'' (Mark on Duty) का दुरुपयोग करते हुए स्वयं को ड्यूटी पर दिखाकर विद्यालय से अनुपस्थित रहते है। कुछ शिक्षकों द्वारा ई-शिक्षाकोष एप्लीकेशन में तकनीकी छेड़छाड़ करते हुए गलत तरीके से उपस्थिति एवं प्रस्थान अंकित किया जा रहा है। कतिपय मामलों में अनुपस्थित रहने के बावजूद प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से भौतिक उपस्थिति पंजी में बाद मे अपनी उपस्थिति दर्ज कर ली जा रही है। यह कृत्य न केवल घोर अनुशासनहीनता का घोतक है, बल्कि धोखाधड़ी, बच्चों के शिक्षा के अधिकार (RTE Act, 2009) का उल्लंघन एवं गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

अतः इस पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों सख्त निर्देश दिया जाता है कि ई-शिक्षाकोष एप पर अपनी उपस्थिति एवं प्रस्थान अनिवार्य रूप से दर्ज करेगे तथा फोटो लेते समय चेहरा स्पष्ट नजर आना चाहिए तथा बैकग्राउंड में विद्यालय का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। कोई भी शिक्षक या प्रधानाध्यापक अनधिकृत रूप से ''मार्क ऑन ड्यूटी'' विकल्प का उपयोग कदापि नहीं करेंगे। इसका उल्लंघन पाए जाने पर बिहार सेवा संहिता की धाराओं के अंतर्गत विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। यदि किसी के द्वारा ई-शिक्षाकोष एप्लीकेशन के साथ छेड़छाड़ की जा रही है, या उपस्थिति बनाकर विद्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हो जा रहा है, तो अविलंब इसकी लिखित सूचना अधोहस्ताक्षरी के व्हाट्सएप संख्या-8544412079 पर उपलब्ध कराएंगे। यदि प्रधानाध्यापक सूचना नहीं देते हैं, तो उन्हें इस कृत्य में संलिप्त मानते हुए उनके विरुद्ध भी कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

6.5.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली

ज्ञापांकः-886 हाजीपुर दिनांकः-06/05/26

प्रतिलिपिः-सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/ सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/ सभी शिक्षक एवं सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6-5-26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली